## हम कैसे आपकी सहायता कर सकते हैं?

सिडनी मेडिकल सर्विस को-ऑप लिमिटेड, 1300 होम जीपी, की स्थापना 1966 में हुई थी जब, कार्य समय से बाहर के समय में सेवायें देने वाली, पहले से विद्यमान दो कंपनियों का एकीकरण करके एक कंपनी बनाई गई; जो बाद में एक लाभ के लिए काम नहीं करने वाली को-ऑपरेटिव बन गई।

यह प्रथम ऐसी प्रतिनियुक्ति सेवा थी जिसे न्यु साउथ वेल्स के सहकारिता अधिनियम के अन्तर्गत निगमित कराया गया था। हमारे चिकित्सकों द्वारा रोगियों को उनके निजी घरों में, आवासीय वृद्धावस्था देखभाल सुविधा स्थलों में, नर्सिंग होम्स में, सामुहिक आवासों तथा रिटायरमेंट विलेजेस में, घर पर चिकित्सक आने की बल्क बिल (जिसमें चिकित्सक अपना शुल्क मेडिकेयर से लेता है) वाली सेवा प्रदान करते हैं।

हम रोगियों को प्रोत्साहित करते हैं कि वे अपने नियमित चिकीत्सीय परामर्शों के लिए अपने ख़ुद के चिकित्सक को ही दिखायें लेकिन; हमारी सेवा उस समय के लिए बैकअप प्रदान करती है जब आप अपने नियमित चिकित्सक को सामान्य सर्जरी घंटों के भीतर नहीं दिखा सकते, या आप किसी ऐसी चिकित्सीय स्थिति में हें जहाँ आप अगले दिन तक प्रतीक्षा नहीं कर सकते।

अगर आपको लगता है कि आपकी स्थिति एक आपात-स्थिति या जीवित रहने के लिए ख़तरनाक स्थिति है तो कृपया तुरंत 000 पर फ़ोन करें।

## क्या आपके क्षेत्र में यह सेवा उपलब्ध है?

सिडनी मेडिकल सर्विस, 1300 होम जीपी, सिडनी क्षेत्र में सेवायें उपलब्ध कराता है।

हमारे द्वारा कवर किये जाने वाले हिस्सों में संपूर्ण सिडनी महानगर क्षेत्र आता है। हम उत्तरी समुद्र तटों वाले हिस्सों तथा पहाड़ी ज़िलों, संपूर्ण सिडनी महानगर, दक्षिण पूर्वी सिडनी तथा सदरलैंड नगर पालिका के क्षेत्रों में सेवायें प्रदान करते हैं। उसके आगे हम संपूर्ण वृहत्तर पश्चिमी सिडनी के हिस्सों में पेनरिथ से लेकर कैम्बलटाउन,कैम्डन तथा वूलूंडली नगर पालिका के क्षेत्रों में सेवायें प्रदान करते हैं।

संपूर्ण सूची के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.homegp.org पर जायें तथा पर डाक (पोस्ट) कोड से खोज करें।

## आपके निजी स्वास्थ्य की जानकारी का प्रबंधन

आपका मेडिकल रेकॉर्ड एक गोपनीय दस्तावेज़ होता है। यह इस सेवा की नीति है कि निजी स्वास्थ्य की जानकारी को हर समय सुरक्षित रखा जाये तथा यह सुनिश्चित किया जाये कि इस जानकारी को केवल स्टाफ के अधिकृत सदस्य तथा आपका चिकित्सक (जीपी) ही देख सके। रोगी की गोपनीय रिपोर्टों को, लोकम (आपकी चिकित्सीय जाँच करने वाले चिकित्सक) द्वारा जाँच के समय तैयार लिया जाता है और फ़िर अगले कार्य दिवस के दिन उसे एक गोपित (एन्क्रिप्टेड) ईमेल सेवा या प्राइवेट फैक्स के माध्यम से आपके नियमित चिकित्सक (जीपी) को भेजा जाते है। अगर आपको इस रिपोर्ट की एक प्रति चाहिए तो आप इसे सीधे अपने नियमित चिकित्सक (जीपी) से ले सकते हैं या आप अपने निजी रेकॉर्ड्स के लिए इसकी एक प्रति पाने का आग्रह हमसे लिखित में कर सकते हैं।

कृपया ध्यान दें कि हम किसी भी जानकारी को दे सकें उससे पहले लिखित सहमति तथा पहचान के प्रमाण की आवश्यकता होगी।

## बल्क बिलिंग तथा शुल्क

एक वैध मेडिकेयर कार्ड या वैटरन्स अफेयर्स गोल्ड कार्ड धारक सभी रोगियों के लिए उसी समय बल्क बिल वाली सेवा दी जाती है यदि आपके नियमित चिकित्सक जीपी ने कोई दूसरा अनुरोध ना किया हो तो।

जिन रोगियों के पास एक वैध मेडिकेयर कार्ड या वैटरन्स अफेयर्स गोल्ड कार्ड नहीं होगा उनसे शुल्क लिया जायेगा जो कि जाँच के समय ही देना होगा। यह समान दर शुल्क देखे जाने वाले प्रथम रोगी के लिए $200.00 तथा हर अतिरिक्त रोगी के लिए $100 होगा।

भुगतान के प्रमाण के रुप में एक रसीद या टैक्स इन्वोइस दी जायेगी।

## दुभाषिया सेवा

अगर आपको भाषाई बाधाओं के कारण कठिनाई आ रही हो तो दुभाषिया सेवा उपलब्ध है।

एक अनुवादक के लिए कृपया 1300 131 450 पर फ़ोन करें।

## जीपीयों तथा सर्जरियों के लिए सदस्यता

इस सेवा की सदस्यता न्यु साउथ वेल्स राज्य में पंजीकृत मेडिकल प्रैक्टिशनर्स तक ही सीमित है।

इस सेवा का संचालन एक निर्देशक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसके सभी सदस्य जनरल प्रैक्टिशनर हैं, जिनका चयन साथी सदस्यों द्वारा किया जाता है।

## लाइफ एक्सटिंक्ट (जीवन विलुप्ति) फॉर्म देना

हमारे पास अक्सर इस बात की पुष्टि के लिए, रोगी की जाँच के लिए, आने के आग्रह आते हैं कि, रोगी के प्राण जा चुके हैं। हमारे चिकित्सक (जीपी) मृत्यु का समय तथा सभी महत्वपूर्ण क्रियाओं के बंद हो जाने का सत्यापन करने के लिए रोगी की जाँच करने जाते हैं। उनके द्वारा फ़िर एक जीवन विलुप्ति प्रमाण पत्र दिया जाता है। इससे मृत देह को, मृतक के परिवार द्वारा चयनित अंतिम संस्कार गृह (फ्यूनरल होम) में ले जाने की अनुमति मिल जाती है और किसी पुलिस या पराचिकित्सक के आने की ज़रुरत ख़त्म हो जाती है।

फ़िर भी, इसके अगले कार्यदिवस के दिन रोगी के नियमित चिकित्सक (जीपी) द्वारा मृत्यु का एक पूर्ण प्रमाण पत्र भरा जाना आवश्यक होता है।

कृपया ध्यान दें कि यह सेवा रोगियों के लिए तभी उपलब्ध होती है जब रोगी के नियमित चिकित्सक (जीपी) के पास इस सेवा की सक्रिय सदस्यता हो। किसी ऐसे मामले में जहाँ नियमित चिकित्सक (जीपी) के पास यह सदस्यता नहीं हो, तो हम वहाँ नहीं जा सकेंगे।

## प्रमाणन मानदण्ड

हमने रॉयल ऑस्ट्रेलियन कॉलेज ऑफ जनरल प्रैक्टिशनर्स (RACGP) द्वारा अपेक्षित मानदण्डों के अनुरुप मान्यता (प्रमाणन) ली है।

यह प्रमाणन प्रक्रिया दर्शाती है कि:

- हमारे रोगियों के अधिकारों तथा आवश्यकताओं का सम्मान करते हैं।
- हम रोगियों के परिणामों में सुधार के लिए प्रतिबद्ध हैं।
- हमारी कार्य प्रणाली कुशल है।
- हमारे यहाँ रोगियों, चिकित्सकों तथा सेवा के बीच बातचीत उत्कृष्ट होती है।
- हम निरंतर सीखने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## उपलब्ध सेवायें

हम कार्य समय के बाहर के समय में बल्क बिल (जिसमें चिकित्सक अपना शुल्क मेडिकेयर से लेता है) वाली घर पर चिकित्सक आने की सेवा उपलब्ध कराते हैं जब आपका नियमति चिकित्सालय (जीपी) बंद होता है। हमारे चिकित्सक (जीपी) आपके घर पर आयेंगे जिससे; अस्पतालों के आपात-स्थिति विभागों में अनावश्यक उपस्थिति कम करने में सहायता मिलती है और रोगी को चिकित्सीय ईलाज के लिए अपने ख़ुद के घर में आराम से प्रतीक्षा करने का विकल्प मिलता है।

हमारे चिकित्सक (जीपी) अपने साथ बहुत सी सामान्य दवाईयों के आरंभक पैक रखते हैं ताकि रोगियों का ईलाज तुरंत शुरु हो सके। आगे की आवश्यक दवाईयों के लिए हमारे चिकित्सक (जीपी) दवा की पर्ची भी लिख सकते हैं। हम पैथोलोजी ओरोग लक्षण जाँचऔ सेवाओं, जैसे कि रक्त परीक्षण, तथा अगर ज़रुरत हो तो अस्पताल में भर्तियों के लिए संदर्भ पत्र भी देते हैं।

## प्रतिनियुक्ति सेवा घंटे

- कार्य दिवस रात्रियों में शाम 6 बजे से सवेरे 8 बजे तक
- शनिवार को दोपहर बारह बजे से
- रविवार तथा सार्वजनिक अवकाश वाले दिनों में 24 घंटे

कृपया ध्यान दें कि कॉल सेन्टर दो घंटे पहले खुलता है। घर पर चिकित्सक बुलाने की बुकिंग के लिए कृपया (02) 87246300 पर फ़ोन करें।

## चिकित्सीय देखरेख की निरंतरता

चिकित्सक द्वारा आपके घर आकर जाने के बाद, आपके नियमित चिकित्सक (जीपी) को, आपके रोगी रेकॉर्ड्स के लिए, एक विस्तृत रोगी रिपोर्ट भेजी जाती है। इससे यह सुनिश्चित होता है कि हमारी सेवा द्वारा की गई आपकी चिकित्सीय देखरेख उचित रुप से आगे भी जारी रहे और आपके चिकित्सक (जीपी) द्वारा आपका आगे का आवश्यक ईलाज किया जा सके। विशेष परिस्थितियाँ जैसे कि तुरंत पैथोलोजी परिणामों, अस्पताल में भर्ती या मृत्यु, होने की स्थिति में हम, कार्य समय के घंटों से बाहर के समय में, अधिकाँश चिकित्सकों (जीपी) से संपर्क सकते हैं।

## आपके अधिकार

अगर आप अपनी किन्हीं आशंकाओं के बारे में विचार विमर्श करना चाहते हों तो कृपया कार्यालय समय के भीतर प्रबंधकों से बेझिझक संपर्क करें। हम आशंकाओं, सुझावों या शिकायतों को गंभीरता से लेते हैं। इन्हें हमारे मुख्य प्रबंधन अधिकारी के पास भेजा जाते है जो उचित जाँच पड़ताल करते हैं लेकिन, अगर आप मामले को और आगे ले जाना चाहते हों तो निम्नलिखित सहित विभिन्न विकल्प उपलब्ध हैं:

Health Care Complaints Commission Locked Bag 18
Strawberry Hills NSW 2012
टेलिफ़ोन: 9219 7444

## सिडनी मेडिकल सर्विस को- ऑप लिमिटेड 1300 होम जीपी

68 Anderson Avenue, PANANIA NSW 2213
या Locked Bag 1, PANANIA NSW 2213
फ़ोन: (02) 8724 6300
फैक्स: (02) 8724 6301

ई-मेल: syd_med_service@bigpond.com.au
वेब साइट: www.homegp.org

## बुकगि एप्प डाउनलोड करें

हमारी स्मार्टफ़ोन एप्प को डाउनलोड करने के लिए क्यूआर कोड्स को स्कैन करें।

गूगल प्ले (Google Play) आईट्यून्स (ITunes)

**SYDNEY MEDICAL SERVICE CO-OPERATIVE LTD**
**1300 HOME GP**

# बल्क बिल्ड होम विज़िट्स

"हम उस समय घर पर आपकी देखभाल करते हैं जब आपका जीपी बंद होता है"

## दुभाषिया सेवा 24घंटे उपलब्ध है

## कृपया कॉल करें: 1300 131 450

HINDI

# 8724 6300